दिन– रविवार | दिनांक– 13 / 07 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. बिहार में मतदाता सूची के लिए चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के दौरान नेपाल, बांग्लादेश और म्यांमार के नागरिकों की बड़ी संख्या में पहचान की गई।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा– अगले पांच वर्षों में एक करोड़ युवाओं को सरकारी नौकरी और रोजगार देने के लिए एनडीए सरकार प्रतिबद्ध।

03. सावन की पहली सोमवारी कल। भागलपुर के सुल्तानगंज गंगा घाट और सारण के पहलेजा घाट पर डाक बमों के लिए विशेष व्यवस्था की गई।

04. और, बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव के प्रभाव से पन्द्रह और सोलह जुलाई को गयाजी, औरंगाबाद, नवादा, रोहतास, पूर्वी और पश्चिमी चंपारण में भारी वर्षा का अलर्ट जारी।

---

बिहार में मतदाता सूची के लिए चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत बूथ स्तर के अधिकारी घर–घर जाकर सत्यापन कर रहे हैं। इस दौरान नेपाल, बांग्लादेश और म्यांमार के नागरिकों की बड़ी संख्या में पहचान की गई है। एक रिपोर्ट–

–––बाइट––––

बिहार में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण अभियान के दौरान कई खुलासे हुए हैं। डोर टू डोर वेरीफिकेशन में ड्यूटी पर तैनात बीएलओ को पता चला है कि नेपाल, म्यांमार और बांग्लादेश के इन बाहरी व्यक्तियों ने आधार, निवास प्रमाण पत्र, राशन कार्ड और अन्य दस्तावेज हासिल कर लिए हैं। बिहार में सभी 243 विधानसभा क्षेत्र में एसआईआर अभियान चल रहा है। इसका उद्देश्य वैध दस्तावेज वाले केवल भारतीय नागरिकों को मतदाता सूची में शामिल करना है। बिहार में 25 जून से चल रहे मतदाता सूची के सत्यापन से बाहरी लोगों के बारे में कुछ आशंकाओं की पुष्टि हुई है और कई प्रकार की त्रुटियां भी सामने आई है । भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इन चिंताओं का समाधान किया जा रहा है। सूत्रों ने बताया कि एक अगस्त से 30 अगस्त तक उचित जांच के बाद, यदि यह सत्य पाया गया, तो ऐसे बाहरी लोगों के नामों को इस वर्ष 30 सितंबर को प्रकाशित होने वाली सूची से बाहर कर दिया जाएगा। धर्मेंद्र कुमार राय आकाशवाणी समाचार पटना

---

प्रदेश में जारी मतदाता सूची के विशेष सघन पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान अब तक लगभग अस्सी प्रतिशत से अधिक लोगों ने गणना प्रपत्र जमा कर दिये हैं। बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल ने कहा है कि ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर अधिक उत्साह देखा जा रहा है। श्री गुंजियाल ने बताया कि पहली अगस्त को प्रकाशित होने वाली अस्थायी सूची में नाम शामिल कराने के लिए जिन मतदाताओं के पास वोटर कार्ड उपलब्ध है, उन्हें भी जरूरी दस्तावेजों के साथ फॉर्म भरना होगा। उन्होंने बताया कि आवश्यक दस्तावेज नहीं होने पर मतदाता फिलहाल गणना प्रपत्र जमा कर दें। आवश्यक दस्तावेज़ जमा करने के लिए मतदाताओं को तीस अगस्त तक का समय दिया जायेगा। मुख्य निवार्चान पदाधिकारी ने कहा है कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के दूसरे चरण में बीस जुलाई से बूथ लेवल अधिकारी एक बार फिर घर–घर जाकर मतदाताओं से गणना फॉर्म एकत्र करेंगे। इधर, गणना प्रपत्र जमा करने के लिए आज सभी मतदान केन्द्रों पर विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

---

राजद नेता तेजस्वी यादव ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में गड़बड़ी का आरोप लगाया है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि दस्तावेजों में लचीलापन लाने की सुप्रीम कोर्ट की सलाह के बावजूद चुनाव आयोग ने अभी तक कोई औपचारिक संशोधित अधिसूचना जारी नहीं की है।

———बाइट———

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि अगले पांच वर्षों में एक करोड़ युवाओं को सरकारी नौकरी और रोजगार देने के लिए एनडीए सरकार प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि उन्हें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि राज्य में अब तक दस लाख युवाओं को सरकारी नौकरी और लगभग उनचालीस लाख लोगों को रोजगार दिया जा चुका है। मुख्यमंत्री ने कौशल विकास के लिए जननायक कर्पूरी ठाकुर के नाम पर एक कौशल विश्वविद्यालय की स्थापना की भी घोषणा की है। उन्हों ने कहा कि इससे राज्य के युवाओं को कौशल विकास की नई दिशा मिलेगी।

———————————————————————————

उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि राज्य की डबल इंजन सरकार विकास के सभी आयामों के साथ रोजगार पर विशेष ध्यान दे रही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की ओर से भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर जी के नाम पर विश्वविद्यालय खोलने के निर्णय पर श्री चौधरी ने कहा कि इस विश्वविद्यालय से राज्य के युवाओं को कौशल विकास के क्षेत्र में नई ऊंचाई प्राप्त होगी।

———बाईट———

———————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज गंगा नदी पर बख्तियारपुर से समस्तीपुर के ताजपुर तक निर्माणाधीन पुल का स्थल निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। पथ निर्माण विभाग के सचिव ने मुख्यमंत्री को बताया कि पुल का लगभग साठ प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। उन्होंने बताया कि पटना जिला में बख्तियारपुर के करजान से गंगा पुल तक पहुंच पथ आरओबी और अन्य संरचनाओं का निर्माण कार्य प्रगति पर है। पांच किलोमीटर से अधिक लंबाई वाले इस पुल के बन जाने से समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर और बेगूसराय की ओर से पटना आने वाले वाहनों को एक वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध होगा।

———————————————————————————

राज्य सरकार ने मुंगेर जिले में छब्बीस करोड़ इकसठ लाख रुपये की लागत से एक महत्वपूर्ण पुल निर्माण को स्वीकृति प्रदान की है। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज बताया कि जमालपुर जीएन बांध से झौआ बहियार तक उच्चस्तरीय पुल बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस परियोजना पर कुल छब्बीस करोड़ इकसठ लाख रुपये खर्च होंगे।

———————————————————————————

रेल मंत्रालय ने ट्रेन की सभी बोगियों में यात्रियों की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरा लगाने का फैसला किया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि अभी चौहत्तर हजार बोगी और पन्द्रह हजार रेल इंजनों में सीसीटीवी कैमरा लगाने को मंजूरी दी गई है। श्री वैष्णव ने बताया कि यह कैमरे सौ किलोमीटर से अधिक की स्पीड से चलने वाली ट्रेन और कम दृश्यता में भी काम करेंगे।

---

केंन्द्रीय मंत्री और लोक जनश्क्ति पार्टी, रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान को हत्या की धमकी देने वाले आरोपी मोहम्मद मेराज को पुलिस ने आज बेगूसराय जिले के तेधड़ा से गिरफ्तार कर लिया है।

---

पिछले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश में अधिकांश स्थानों पर मौसम शुष्क बना रहा। मौसम विभाग ने कहा है कि अगले चौबीस घंटो के दौरान बंगाल की खाड़ी में एक निम्न दवाब का क्षेत्र बनने की संभावना है। इसके प्रभाव से पन्द्रह और सोलह जुलाई को प्रदेश के कई स्थानों पर बारिश हो सकती है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के अनुसार इस दौरान तीस से चालीस किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा भी चल सकती है।

———बाइट———

इधर, बांका जिले के अलग–अलग क्षेत्रों में दोपहर बाद बारिश के दौरान वज्रपात से चार लोगों की मौत हो गई।

---

सावन की पहली सोमवारी कल है। इस अवसर पर भागलपुर जिले के सुल्तानगंज गंगा घाट पर डाक बमों की भीड़ जुटनी शुरू हो गयी है। कांवड़ियां एक सौ पांच किलोमीटर से अधिक की दूरी तय कर झारखंड के देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ का जलाभिषेक करेंगे। जिला प्रशासन ने डाक बमों को प्रमाण पत्र निर्गत करने के लिए कई स्थानों पर शिविर बनाया है। वहीं, सारण जिले के पहलेजा घाट से गंगाजल लेकर डाक कांवरिया हाजीपुर होते हुये मुजफ्फरपुर स्थित बाबा गरीबनाथ मंदिर तक जाते हैं। इन कांवरियों की सुविधा के लिए वैशाली जिला प्रशासन ने यातायात व्यववस्था में बदलाव किया है। प्रत्येक शनिवार को सुबह छह बजे से सोमवार दोपहर दो बजे तक हाजीपुर से मुजफ्फरपुर जाने वाले सभी चार पहिया वाहन हाजीपुर के रामाशीष चौक से अंजान पीर, लालगंज, वैशाली, सरैया होते हुये मुजफ्फरपुर जायेंगे। इधर, पहली सोमवारी को लेकर प्रदेश के शिवायलयों में भी विशेष तैयारी की जा रही है।

---

01. बिहार में मतदाता सूची के लिए चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के दौरान नेपाल, बांग्लादेश और म्यांमार के नागरिकों की बड़ी संख्या में पहचान की गई।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा– अगले पांच वर्षों में एक करोड़ युवाओं को सरकारी नौकरी और रोजगार देने के लिए एनडीए सरकार प्रतिबद्ध।

03. सावन की पहली सोमवारी कल। भागलपुर के सुल्तानगंज गंगा घाट और सारण के पहलेजा घाट पर डाक बमों के लिए विशेष व्यवस्था की गई।

04. और, बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव के प्रभाव से पन्द्रह और सोलह जुलाई को गयाजी, औरंगाबाद, नवादा, रोहतास, पूर्वी और पश्चिमी चंपारण में भारी वर्षा का अलर्ट जारी।

---

समाप्त